हिन्दुस्तान

मुख्यमंत्री ने की ट्रेड शो की तैयारियों की समीक्षा, कहा- अब इंटरनेशनल ट्रेड शो के भव्य आयोजन को देखेगी दुनिया

# मुर्मु करेंगी यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का उद्घाटन

**आयोजन**

लखनऊ, विशेष संवाददाता। योगी सरकार उत्तर प्रदेश प्रथम इंटनेशनल ट्रेड शो का आयोजन करने जा रहा है। आगामी 21 से 25 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट के विशाल परिसर में आयोजित होने जा रहा यह अंतरराष्ट्रीय ट्रेड शो, उत्तर प्रदेश के बड़े उद्योगों, आईटी / आईटीईएस, एमएसएमई, स्टार्ट अप, शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, पर्यटन व संस्कृति, ऊर्जा, ओडीओपी जैसे सेक्टरों के उद्यमियों, आंत्रप्रेन्योर, विनिर्माताओं और निर्यातकों के लिए वैश्विक मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अभूतपूर्व प्रयास होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के हाथों 21 सितम्बर को इसका भव्य शुभारंभ होगा।

मुख्यमंत्री ने गुरुवार को इस महत्वपूर्ण आयोजन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि इस अंतरराष्ट्रीय ट्रेड शो के माध्यम से पूरी दुनिया उत्तर प्रदेश के अद्भुत 'क्राफ्ट, कुज़ीन और कल्चर' से साक्षात्कार करेगी। ट्रेड शो में अब तक 66 से अधिक देशों के लगभग 400 खरीदारों के पंजीयन पर प्रसन्नता जताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रेड शो के सफल आयोजन में भारत सरकार के विदेश मंत्रालय, वाणिज्य मंत्रालय, उद्योग प्रोत्साहन और एमएसएमई मंत्रालय की ओर से अपेक्षित सहयोग मिल रहा है। अधिकाधिक देशों में तैनात भारतीय राजदूतों-उच्चायुक्तों से लगातार संवाद बनाते हुए और अधिक विदेशी खरीदारों, उद्यमियों को आमंत्रित किया जाए।



सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनीं।

### फरियादियों को न्याय का वादा, बच्चों को दुलारा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर आमजन की समस्याएं सुनीं। इस दौरान 200 से अधिक लोगों ने सीएम के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं। सीएम ने फरियादियों को न्याय का वादा दिया तो बच्चों को दुलारा-पुचकारा और चॉकलेट भी दी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता की समस्याओ को गंभीर, संवेदनशील होकर ध्यान से सुनें और त्वरित निस्तारण कराएं।

**11** हजार से अधिक पटरी दुकानदारों को यूपी में स्वनिधि योजना में मदद

**06** लाख महिला स्वयं सहायता समूहों को फंड की पहली किस्त जारी

### पांच दिन के इस आयोजन में हर दिन नॉलेज सेशन होगा

प्रदेश के पहले इंटरनेशनल ट्रेड शो को भव्य बनाने पर बल देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पांच दिवसीय इस महत्वपूर्ण ट्रेड शो के दौरान हर दिन एक विशेष थीम पर नॉलेज सेशन भी आयोजित किए जाएं। इरडा के सहयोग से बीमा सेक्टर पर सत्र आयोजित किया जाए। इसी प्रकार, ओडीओपी उत्पादों के पैकेजिंग व मार्केटिंग व निर्यात प्रोत्साहन, इन्वेस्ट यूपी की सफलता में भी सत्र आयोजित किए जाएं।

## पहले गुंडा टैक्स लेते थे, अब किसी में हिम्मत नहीं: योगी

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि पिछले छह वर्षों में प्रदेश में वृहद रूप से सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान के जरिये केवल माफिया की ही सफाई नहीं हुई बल्कि गंदगी की भी सफाई हुई है। यह विशेषता उत्तर प्रदेश ने ही हासिल की है। पहले गुंडे स्ट्रीट वेंडर्स से गुंडा टैक्स वसूलते थे। आज कोई गुंडा टैक्स वसूलने की हिम्मत नहीं कर सकता है। प्रदेश सरकार हर तरह की सफाई पर विशेष ध्यान दे रही है।

ये बातें मुख्यमंत्री योगी ने गुरुवार को लोकभवन के सभागार में आयोजित पीएम स्वनिधि एवं स्वयं सहायता समूह ऋण योजना के तहत 11000 लाभार्थियों के ऋण वितरण कार्यक्रम में कही। इस दौरान उन्होंने एक दर्जन स्ट्रीट वेंडर्स और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को ऋण की चेक सौंपीं। वर्ष 2020 से पहले पटरी दुकानदारों को साहूकार से पैसा लेना पड़ता था। साहूकार इनकी मजबूरी का फायदा उठा कर हजार रुपये के बदले 12 से 15 सौ रुपये लेते थे।

### स्ट्रीट वेंडर्स को पांच लाख के बीमा से जोड़ा

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्ट्रीट वेंडर्स के लिए कभी कोई योजना नहीं बनाई गई। पीएम मोदी ने उनके दर्द को समझा और पीएम स्वनिधि योजना लेकर आए। इसी का नतीजा है कि आज पीएनबी इस योजना से जुड़ा है। अब तक पीएनबी 200000 लोगों को इस सुविधा से जोड़ चुका है। वहीं आज 11000 लोगों को अकेले उत्तर प्रदेश में यह सुविधा दी जा रही है।